जनपद पीलीभीत की तहसील बीसलपुर में निर्मित 132 के0वी0ए0 का विद्युत उपकेन्द्र संचालित कराने की जानकारी

12–श्री अगयश राम सरन वर्मा–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद पीलीभीत की तहसील बीसलपुर हेतु 132 के0वी0ए0 का विद्युत उपकेन्द्र का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है ? यदि हां, तो उसका संचालन कब तक शुरू होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

जी हां।

132 के0वी0ए0 उपकेन्द्र बीसलपुर से सम्बन्धित लाइन की पूर्णता दिनांक 15–01–2017 तक सम्भावित है। तदोपरान्त उपकेन्द्र का संचालन प्रारम्भ हो जायेगा।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद पीलीभीत की तहसील बीसलपुर के गांव लिलहर में स्थित शिवसरोवर को पर्यटन की दृष्टि से विकसित एवं सौन्दर्यीकरण कराने की मांग

13–श्री अगयश राम सरन वर्मा–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद पीलीभीत की तहसील बीसलपुर के गांव लिलहर में शिवसरोवर का महत्व गंगा के ही समकक्ष है ? यदि हां, तो क्या सरकार इस स्थल को पर्यटन की दृष्टि से विकसित कर इसका सौन्दर्यीकरण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

जनपद पीलीभीत की तहसील बीसलपुर के गांव लिलहर में शिवसरोवर पर्यटन की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण स्थल है।

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्नगत स्थल के विकास की योजना जिला नियोजन एवं अनुश्रवण समिति द्वारा जिला योजना वर्ष 2016–17 में अनुमोदित की गयी है, किन्तु वर्तमान वित्तीय वर्ष में उक्त मद हेतु पर्याप्त बजट व्यवस्था उपलब्ध न होने के कारण उक्त योजना की अनुमोदित धनराशि की स्वीकृति प्रदान किया जाना सम्भव नहीं है।

14–श्री सतीश महाना–

ख्पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त,

जनपद सीतापुर के अन्तर्गत कसरैला–परसेण्डी मार्ग की मरम्मत कराये जाने की जानकारी

15–श्री कृष्ण गोपाल पटेल–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि सीतापुर जनपद के अन्तर्गत कसरैला–परसेण्डी–वाया तालगांव–जीतामऊ डामर सड़क गुड्ढा युक्त होने के कारण आवागमन बाधित है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क को ठीक करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

जी नहीं।

जनपद सीतापुर में कसरैला–परसेण्डी वाया तालगांव जीतामऊ मार्ग की कुल लम्बाई 20.700 कि0मी0 है। इनमें से 11.700 कि0मी0 आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त है जिनकी मरम्मत/सुदृढ़ीकरण का कार्य वर्तमान में प्रगति पर है। मार्ग यातायात हेतु सुगम है।

उपर्युक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद इलाहाबाद के कतिपय मुहल्लों में खम्भे आदि लगाये जाने की जानकारी

16–श्री अनुग्रह नारायण सिंह–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि केन्द्र की यू0पी0ए0 सरकार की ''बिजनेस प्लान'' तथा ''आर0ए0पी0डी0आर0पी0'' विद्युत योजना के अन्तर्गत वर्ष 2012–13, 2014–15, 2015–2016 तथा 2016–17 में 31 अक्टूबर, 2016 तक छोटाबघाड़ा, ढरहरिया, बड़ाबघाड़ा, सादियाबाद, चांदपुर–सलोरी, ममफोर्डगंज, नया कटरा, शिवकुटी, चिल्ला, रसूलाबाद, तेलियरगंज, पीताम्बर नगर, जोंधवल, मेंहदौरी, नयापुरा, म्योराबाद, बेली गांव–एवेन्यू, ऊंचवागढ़ी, राजापुर, गंगानगर, नेवादा, शांतिपुर, ओम नगर, सिविल लाइन्स, पूरा पड़ाइन, सोहबतियाबाग, अल्लापुर, इलाहाबाद में अलग–अलग कितने विद्युत खम्भे, केबिल तथा बंच कंडक्टर लगाये गये हैं ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि उक्त मुहल्लों में शेष स्थानों पर विद्युत खम्भे आदि लगाने की भी योजना है ? यदि हां, तो कितने और कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

अवगत कराना है कि केन्द्र की यू0पी0ए0 सरकार की ''बिजनेस प्लान'' तथा ''आर0ए0पी0डी0आर0पी0'' विद्युत योजना के अन्तर्गत वर्ष 2012–13, 2014–15, 2015–16 तथा 2016–17 में अक्टूबर 31, 2016 तक इलाहाबाद नगर में कराये गये कार्यों का विवरण निम्नवत् है :––

छोटा बघाड़ा में 29 खम्भे 1.5 कि0मी0 बंचकण्डक्टर लगाया गया।

ढरहरिया में 27 खम्भे लगाये गये।

बड़ा बघाड़ा में 52 खम्भे 2.3 कि0मी0 बंचकण्डक्टर लगाया गया।

सादियाबाद ओम गायत्री नगर में 70 खम्भे 4 कि0मी0 बंचकण्डक्टर लगाया गया।

चांदपुर सलोरी में 35 खम्भे 2 कि0मी0 बंचकण्डक्टर लगाया गया।
ममफोर्डगंज में 40 खम्भे 3 कि0मी0 बंचकण्डक्टर लगाया गया।
नया कटरा में 73 खम्भे 7 कि0मी0 बंचकण्डक्टर लगाया गया।
शिवकुटी में 3 खम्भे 110 मीटर बंचकण्डक्टर लगाया गया।
चिल्ला रसूलाबाद में 45 खम्भे 3 कि0मी0 बंचकण्डक्टर लगाया गया।
तेलियरगंज में 44 खम्भे 3.8 कि0मी0 बंचकण्डक्टर लगाया गया।
अशोक नगर में 240 खम्भें 16 कि0मी0 बंचकण्डक्टर लगाया गया।
जोधवल कार्य प्रारम्भ होना है।
मेहदौरी में 62 खम्भे 4 कि0मी0 बंचकण्डक्टर लगाया गया।
नयापुरा में 29 खम्भे 4 कि0मी0 बंचकण्डक्टर लगाया गया।
म्योराबाद में 23 खम्भे 1 कि0मी0 बंचकण्डक्टर लगाया गया।
बेली में 27 खम्भे 1 कि0मी0 बंचकण्डक्टर लगाया गया।
ऊंचवागढ़ी में 27 खम्भे 1.5 कि0मी0 बंचकण्डक्टर लगाया गया।
राजापुर में 35 खम्भे 2.5 कि0मी0 बंचकण्डक्टर लगाया गया।
गंगानगर में 51 खम्भे 2.1 कि0मी0 बंचकण्डक्टर लगाया गया।
नेवादा में 55 खम्भे 3 कि0मी0 बंचकण्डक्टर लगाया गया।
शान्तिपुरम् में 69 खम्भे 5 कि0मी0 बंचकण्डक्टर लगाया गया।
सिविल लाइन्स में 31 खम्भे 1.5 कि0मी0 बंचकण्डक्टर लगाया गया।
पूरा पड़ाइन में कार्य प्रारम्भ होना है।
सोहबतियाबाग में 106 खम्भे 8 कि0मी0 बंचकण्डक्टर लगाया गया तथा अल्लापुर में 241 खम्भे 10 कि0मी0 बंचकण्डक्टर लगाया गया।

जी हां।

उपरोक्त मुहल्लों के शेष स्थानों पर तथा नगर के अन्य मुहल्लों भी आई0पी0डी0एस0 योजना के अन्तर्गत कार्य कराने हेतु सर्वे का कार्य किया जा रहा है, जिसे शीघ्र ही प्रारम्भ किया जायेगा।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद इलाहाबाद के मेंहदौरी में स्थित मा0 काशीराम आवास योजना में आवंटित भवनों के वास्तविक आवंटियों की पात्रता की जानकारी

17–श्री अनुग्रह नारायण सिंह–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि इलाहाबाद के मेंहदौरी में स्थित मा0 कांशीराम आवास योजना में आवंटित भवनों के वास्तविक आवंटियों की पात्रता की कोई जांच वर्ष 2016 में करायी गयी है ? यदि हां, तो जांचकर्ता कौन–कौन थे और क्या उन्होंने कोई रिपोर्ट दी है ? यदि हां, तो वह रिपोर्ट क्या है ? क्या सरकार उसे सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

वर्ष 2016 में मेंहदौरी आवास योजना में स्थित मा0 कांशीराम शहरी आवास योजना में आवंटित भवनों के वास्तविक आवांटियों की पात्रता जैसी कोई जांच नहीं करायी गयी है।

बल्कि उ0प्र0 विधान सभा की मा0 आश्वासन समिति की उप समिति के निर्देश पर मेंहदौरी एवं देवघाट झलवा/नैनी/फाफामऊ में निर्मित आवासों के सम्बन्ध में सम्बन्धित क्षेत्र के तहसीलदार/जोनल अधिकारी, नगर निगम/जोनल अधिकारी, विकास प्राधिकरण की संयुक्त जांच समिति बनायी गयी है। उक्त जांच समितियों द्वारा आवास योजना को पात्रों/अपात्रों की जांच/लाभार्थियों की संख्या अधिक होने एवं विधान सभा निर्वाचन की तैयारी सम्बन्धी व्यस्तता के कारण पूर्ण नहीं की जा सकी है। उक्त जांच शीघ्र ही पूर्ण कर ली जायेगी।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

प्रश्न नहीं उठता।

18–श्री अनुग्रह नारायण सिंह–

खाले मंगलवार के अता0प्र0सं0–34 के अन्तर्गत स्थानान्तरित,

जनपद अलीगढ़ के बरौली विधान सभा क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा कृषि कार्य के लिए लगे फीडरों की जानकारी

19–श्री दलवीर सिंह–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद अलीगढ़ के बरौली विधान सभा क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा कृषि कार्य के लिये कितने अलग (सेपेरेट) फीडरों का निर्माण प्रस्तावित है ? क्या सरकार उक्त प्रस्तावित फीडर का निर्माण कार्य करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

जनपद अलीगढ़ के बरौली विधान सभा क्षेत्र में कृषि कार्यों हेतु डी0डी0यू0जी0जे0वाई0 योजनान्तर्गत 15 नं0 फीडर अलग से (सेपरेशन हेतु) प्रस्तावित है।

जी हां।

माह जुलाई, 2018 तक।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद अलीगढ़ में काली नदी पर ग्राम कनौरा के निकट बने पुल पर अतिरिक्त पहुंच मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता के पत्र पर कृत कार्यवाई की जानकारी

20–श्री दलवीर सिंह–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता के पत्र पर मुख्य मंत्री कार्यालय आदेश सं0–18157160114283, दिनांक 24–9–2016 जो कि जनपद अलीगढ़ में काली नदी पर ग्राम कनौरा के निकट बने पुल पर लोक निर्माण विभाग द्वारा अतिरिक्त

पहुंच मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में है, प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उस पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

जी हां।

अतिरिक्त पहुंच मार्ग का निर्माण वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर है।

उपरोक्तानुसार।

जनपद अलीगढ़ के किसानों के ट्यूबवेल कनेक्शन की औपचारिकताएं पूर्ण कर ट्यूबवेल कनेक्शन दिये जाने की जानकारी

21–श्री दलवीर सिंह–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद अलीगढ़ में वर्तमान में कितने किसान ऐसे हैं जिनके द्वारा ट्यूबवेल कनेक्शन की समस्त औपचारिकताएं पूरी कर निर्धारित शुल्क जमा करने के बाद भी उन्हें कनेक्शन नहीं दिये गये हैं ? क्या सरकार ऐसे किसानों को सिंचाई की सुविधा के दृष्टिगत कनेक्शन दिलायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

किसानों द्वारा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर एवं निर्धारित शुल्क जमा कर सामग्री प्राप्त की जा रही है एवं उनके द्वारा ही लाईन निर्माण का कार्य किया जाना है। उनके लाईन निर्माण का कार्य पूर्ण करते ही उनको कनेक्शन दिये जा रहे हैं। ऐसे किसान जिनके द्वारा यह कनेक्शन लिये जा रहे हैं उनकी संख्या 30 है।

जी हां।

वर्तमान में नियमानुसार निजी नलकूप के आवेदक उपभोक्ताओं द्वारा भण्डार से सामग्री प्राप्त कर स्वयं लाइन निर्माण कराये जाने का प्राविधान है। तत्पश्चात् विभाग द्वारा कनेक्शन तुरन्त निर्गत कर दिया जाता है। अतः समय सीमा उपभोक्ता के ऊपर ही निर्भर करती है। वर्तमान की प्रगति के दृष्टिगत यह कार्य एक सप्ताह में पूर्ण होना संभावित है।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद अलीगढ़ में विधान सभा क्षेत्र बरौली में क्षतिग्रस्त मार्गों के निमार्ण कराये जाने की जानकारी

22–श्री दलवीर सिंह–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता के पत्र पर मुख्य मंत्री कार्यालय के आदेश सं0–18157160114276, दिनांक 24–09–2016 जो कि जनपद अलीगढ़ में विधान सभा क्षेत्र बरौली में क्षतिग्रस्त मार्गों के निर्माण के सम्बन्ध में है, पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

जनपद अलीगढ़ में विधान सभा क्षेत्र बरौली में क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत हेतु मुख्य मंत्री कार्यालय आदेश सं0–18157160114276 दिनांक 24–09–2016 में अंकित मार्गों का विवरण एवं अद्यतन स्थिति निम्नवत् है :––

1–गभाना बरौली पहासू मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के सौंगरा आबादी भाग चेनेज कि0मी0–9.0 से 9.60 तक मार्ग के निर्माण हेतु शासनादेश दिनांक 07–12–16 द्वारा रु0 88.99 लाख की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

2–कलाई बम्बा से छिड़ावली होते हुए साधु आश्रम पनेठी मार्ग की मरम्मत का कार्य वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर है।

3–अलीगढ़ रामघाट रोड हरदुआगंज से इब्राहिमाबाद पुल होते हुए साधू आश्रम पनेठी मार्ग की मरम्मत का कार्य वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर है।

4–हरदुआगंज जलाली मार्ग के निर्माण हेतु शासनादेश दिनांक 27–10–16 द्वारा रु0 130.32 लाख की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

5–अलीगढ़ रामघाट मार्ग के कि0मी0 12 से औरंगाबाद मार्ग की मरम्मत का कार्य वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर है।

उपर्युक्तानुसार।

जनपद गाजियाबाद के शहर मोदीनगर में मुख्य मार्ग एन0एच0–58 पर जाम की समस्या का निराकरण हेतु सरकार द्वारा बाई पास का निर्माण कराये जाने की मांग

23–श्री सुदेश शर्मा–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद गाजियाबाद के शहर मोदीनगर में मुख्य मार्ग एन0एच0–58 पर जाम की समस्या से निजात दिलाने हेतु बाई पास का निर्माण सरकार कराये गी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

जनपद गाजियाबाद के मोदीनगर शहर में मुख्य मार्ग एन0एच0–58 के बाईपास निर्माण वर्तमान में सरकार के विचाराधीन नहीं है।

उपरोक्तानुसार।

उपरोक्तानुसार।

जनपद लखनऊ की वृन्दावन योजना में अधिग्रहीत भूमि पर निर्माण के समायोजन हेतु औपचारिकताएं पूरी कर दिये जाने के पश्चात् परिषद् द्वारा निर्णय व कार्यवाही

24–श्री भगवान सिंह कुशवाहा–

विधान सभा के द्वितीय सत्र, 2016 के 1ले बुधवार के लिये निर्धारित अता0प्र0सं0–111 के उत्तर के सन्दर्भ में क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि अधिग्रहीत भूमि पर निर्मित निर्माण के समायोजन हेतु आवेदक द्वारा वांछित औपचारिकताएं पूरी कर दिये जाने के पश्चात् क्या परिषद् द्वारा नियमानुसार निर्णय करके निर्माण कार्य करा दिया गया है ? यदि हां, तो कब ? यदि नहीं, तो निर्मित निर्माण के समायोजन हेतु कार्यवाही कर निर्माण कार्य कराये जाने की कोई समय–सीमा सरकार ने निर्धारित की है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

वृन्दावन योजना, लखनऊ में अधिग्रहीत ग्राम बरौली खलीलाबाद के खाता संख्या–114 खसरा संख्या–154/1, 1544 मि0 पर स्थित निर्माण (30.00 मी0 चौड़ी पेरीफेरियल सड़क के द्वितीय लेन पर) के समायोजन हेतु परिषद् के सम्बन्धित खण्ड कार्यालय के पत्र संख्या–2205/पी–7/93, दिनांक 23–11–2016 द्वारा सम्बन्धित काश्तकार को वांछित औपचारिकताएं पूर्ण करने/सहमति हेतु पत्र प्रेषित किया गया था, जिसके क्रम में सम्बन्धित काश्तकार द्वारा वांछित औपचारिकतायें/सहमति परिषद् में प्रस्तुत कर दी गयी है। उल्लेखनीय है कि भूमि के समायोजन की कार्यवाही उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद् बोर्ड द्वारा की जाती है।

अतः प्रश्नगत प्रकरण के समायोजन की कार्यवाही हेतु प्रस्ताव बोर्ड बैठक में प्रस्तुत कर निर्णय लिये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

जनपद गाजियाबाद से मोदीनगर शहर तक मेट्रों रेल सेवा शुरू कराये जाने की मांग

25–श्री सुदेश शर्मा–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद गाजियाबाद से मोदीनगर शहर तक मेट्रो रेल सेवा शुरू कराये जाने की परियोजना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक निर्माण कार्य शुरू कराया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

जी नहीं।

गाजियाबाद से मोदीनगर शहर तक मेट्रों रेल की कोई परियोजना प्रस्तावित नहीं है।

जनपद गाजियाबाद के मोदीनगर शहर के मुख्य मार्ग एन0एच0–58 पर जाम से निजात दिलाने हेतु फुट ओवर ब्रिज के निर्माण की मांग

26–श्री सुदेश शर्मा–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद गाजियाबाद के मोदीनगर शहर में मुख्य मार्ग एन0एच0–58 पर जाम की समस्या से निजात दिलाने हेतु फुट ओवर ब्रिज का निर्माण सरकार करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

जनपद गाजियाबाद के मोदीनगर शहर में मुख्य मार्ग एन0एच0–58 पर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण वर्तमान में सरकार के विचाराधीन नहीं है।

उपरोक्तानुसार।

उपरोक्तानुसार।

जनपद गाजियाबाद के अन्तर्गत ग्राम सारा से सिखेड़ा तक के क्षतिग्रस्त मार्ग के पुर्निर्माण कराये जाने की मांग

27–श्री सुदेश शर्मा–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र मोदीनगर, जनपद गाजियाबाद के अन्तर्गत ग्राम सारा से सिखैड़ा तक के पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मार्ग के पुनर्निर्माण कराने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

जनपद गाजियाबाद के अन्तर्गत ग्राम सारा से सिखेड़ा की कुल लम्बाई 2.10 कि0मी0 है, इसमें 1.50 कि0मी0 ईट खड़न्जा एवं 0.60 कि0मी0 में लेपित मार्ग है। दोनों ग्राम अलग–अलग लेपित मार्गों से जुड़े हुये हैं, अतः वर्तमान में दोनों ग्रामों को आपस में लेपित मार्ग से जोड़ने का कार्य लोक निर्माण विभाग की किसी भी योजना से आच्छादित नहीं है।

उपर्युक्तानुसार।

जनपद गाजियाबाद के मोदीनगर में बड़ा–बीमा सरकारी अस्पताल में खाली भूमि पर आकस्मिक चिकित्सा सुविधा हेतु ट्रामा सेन्टर का निर्माण कराये जाने की मांग

28–श्री सुदेश शर्मा–

क्या चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद गाजियाबाद के मोदीनगर शहर में बड़ा बीमा सरकारी अस्पताल में खाली पड़ी भूमि पर सरकार नगरवासियों की आकस्मिक चिकित्सा सुविधा हेतु ट्रामा सेन्टर का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

प्रो0 शिवाकान्त ओझा–

जी नहीं।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद गाजियाबाद में ट्रामा सेन्टर स्थापित एवं क्रियाशील है।

जनपद गाजियाबाद के मोदीनगर को विद्युत कटौती से मुक्त कर 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति किये जाने की मांग

29–श्री सुदेश शर्मा–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद गाजियाबाद के मोदीनगर शहर को सरकार विद्युत कटौती से मुक्त करके 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

मोदीनगर तहसील मुख्यालय है। वर्तमान में विद्युत प्रणाली नियंत्रण लखनऊ के द्वारा तहसील स्तरीय 20 घण्टे विद्युत आपूर्ति किये जाने के आदेश हैं, तदनुसार मोदीनगर शहर को 20 घण्टे विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

उपर्युक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद गाजियाबाद के ग्राम सीकरी खुर्द में सीकरी देवी महामाया मन्दिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कराये जाने की मांग

30–श्री सुदेश शर्मा–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र मोदीनगर, जनपद गाजियाबाद के ग्राम सीकरी खुर्द में सीकरी देवी महामाया मन्दिर को पर्यटन स्थल के रूप में सरकार विकसित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेख यादव–

जी नहीं।

प्रश्न ही नहीं उठता।

प्रश्नगत स्थल के विकास की योजना जिला नियोजन एवं अनुश्रवण समिति द्वारा जिला योजना वर्ष 2016–17 में अनुमोदित की गयी है, किन्तु वर्तमान वित्तीय वर्ष में उक्त मद हेतु पर्याप्त बजट व्यवस्था उपलब्ध न होने के कारण उक्त योजना की अनुमोदित धनराशि की स्वीकृति प्रदान किया जाना सम्भव नहीं है।

जनपद गाजियाबाद के अन्तर्गत पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त मोदीनगर, खंजरपुर मार्ग के चौड़ीकरण सुदृढ़ीकरण कराये जाने की मांग

31–श्री सुदेश शर्मा–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद गाजियाबाद के अन्तर्गत पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त मोदीनगर खंजरपुर मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कराने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

जनपद गाजियाबाद के अन्तर्गत मोदीनगर–खंजरपुर मार्ग ग्रामीण श्रेणी का मार्ग है, जिसकी लम्बाई 2.50 किमी0 एवं चौड़ाई 3.00 मी0 है। मार्ग आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त है परन्तु यातायात योग्य है। वर्तमान में मार्ग चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु मानकों को पूर्ण नहीं करता है।

उपर्युक्तानुसार।

जनपद गाजियाबाद के मोदीनगर शहर से निकलने वाला मुख्य मार्ग जिसे पूर्व में राष्ट्रीय राजमार्ग–58 को डि–नोटिफाई की कार्यवाही न किये जाने की जानकारी

32–श्री सुदेश शर्मा–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद गाजियाबाद के अन्तर्गत मोदीनगर शहर से निकलने वाला मुख्य मार्ग जिसे पूर्व में प्राप्त राष्ट्रीय राजमार्ग 58 का दर्जा समाप्त कर दिया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मार्ग को पुनः राष्ट्रीय

राजमार्ग घोषित करने हेतु केन्द्र सरकार से अनुरोध करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

जी हाँ।

राष्ट्रीय मार्ग सं0–58 को डि–नोटिफाई की कार्यवाही न किये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को अवगत कराये जाने का अनुरोध आयुक्त, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, उत्तर प्रदेश गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) से शासन के पत्र सं0–1688/23–12–16 दिनांक 11–11–2016 द्वारा किया गया है।

उपरोक्तानुसार।

उपरोक्तानुसार।

जनपद गाजियाबाद के ग्राम शाहजहांपुर–तलैहटा के क्षतिग्रस्त मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कराये जाने की मांग

33–श्री सुदेश शर्मा–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र मोदीनगर, जनपद गाजियाबाद के अन्तर्गत ग्राम शाहजहांपुर–तलैहटा पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कराने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

जनपद गाजियाबाद के अन्तर्गत ग्राम शाहजहांपुर–तलहैटा अन्य जिला श्रेणी का मार्ग है जिसकी लम्बाई 8.00 किमी0 एवं चौड़ाई 3.75 मी0 है। मार्ग आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त है परन्तु यातायात योग्य है। वर्तमान में मार्ग चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु मानकों को पूर्ण नहीं करता है।

उपर्युक्तानुसार।

ताज ट्रिपैजियम जोन तथा क्षेत्र के किसानों को 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति किये जाने की जानकारी

34–डा0 धर्मपाल सिंह–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि टी0टी0जैड (ताज ट्रिपैजियम जोन) में मा0 सर्वोच्च न्यायालय के 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति के आदेश हैं तथा उक्त क्षेत्र के किसानों को अपने नलकूपों व घरेलू बिल का भुगतान प्रदेश के अन्य जिलों की तुलना में अधिक देना पड़ रहा है इसके बावजूद भी वर्तमान समय में जनता भारी बिजली कटौती से त्रस्त है तथा किसानों की फसलें सूख रही हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार आगामी रबी की फसलों को दृष्टिगत रखते हुए की जा रही बिजली कटौती को बन्द कर विद्युत आपूर्ति सुचारु रूप से करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

जी हां।

संदर्भित क्षेत्र में लागू रेट शिड्यूल के प्राविधान के अनुसार ही एल0एम0वी0 5 (बी) में नलकूप तथा एल0एम0वी0–1 के अनुसार घरेलू बिल चार्ज किये जा रहे हैं।

मा0 उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार ताज ट्रिपैजियम क्षेत्र को 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति आदेशित है। राष्ट्रीय ग्रिड की सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में कभी–कभी आकस्मिक कटौती करनी पड़ जाती है। स्थिति सामान्य होने पर विद्युत आपूर्ति पूर्व की भांति कर दी जाती है।

जी हां।

उपर्युक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता।

जनपद इलाहाबाद के जिलाधिकारी को प्राप्त पत्र पर कृत कार्यवाही की जानकारी

35–श्री अनुग्रह नारायण सिंह–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में शासन द्वारा शासनादेश संख्या–1472/9–आ–4–2000–51एन/2000 दि0 09–04–2000 के परिप्रेक्ष्य में नजूल भूमि का शाश्वत पट्टा देने का प्राविधान वर्तमान में प्रचलित है ? यदि हां, तो क्या इलाहाबाद नगर के नजूल भू–खण्ड सं0–एच/2, सिविल स्टेशन पर स्थित प्रयाग कुंज अपार्टमेन्ट–5/3 स्टैची रोड सिविल लाइन्स के सोसायटी अध्यक्ष द्वारा इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी इलाहाबाद को सम्बोधित–पत्र दि0 25 नवम्बर, 2014 का संज्ञान लेते हुए उक्त कालोनी के फ्लैट स्वामियों को शाश्वत पट्टा देने अथवा फ्री–होल्ड अधिकार सरकार देगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

जी नहीं।

प्रश्नगत कालोनियों के फ्लैट स्वामियों को शाश्वत पट्टा दिये जाने हेतु कोई शासनादेश नहीं है। जहां तक फ्री–होल्ड अधिकार देने का प्रश्न है, इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि शासनादेश सं0–1/416/8–4–14–137एन/2013 दिनांक 04–03–2014 एवं शासनादेश सं0–3/2015/107/ 8–4–15–137एन/13 दिनांक 15–01–2015 में पट्टेदार अथवा पट्टेदार के उत्तराधिकारी क्रेता के पक्ष में फ्री–होल्ड की कार्यवाही किये जाने की व्यवस्था प्राविधानित है। पट्टेदार के मुख्तारेआम कुल मेसर्स अंसल हाउसिंग फाइनेन्स एण्ड लिजिंग कम्पनी लि0 के द्वारा चार बहुखण्डीय भवन में अस्सी आवासीय फ्लैट बनाकर अस्सी लोगों को कब्जा दे रखा है। भू–खण्ड पर चार बहुखण्डीय भवनों के अतिरिक्त कुछ सर्वेण्ट क्वार्टर हैं जो अंसल कम्पनी के कब्जे में है। आवेदकों द्वारा कुल अस्सी आवेदकों द्वारा कुल चार भागों में आवेदन–पत्र संख्या–2507–2508–2509–2510 क्रमशः क्षेत्रफल 278 वर्गमीटर, 274 वर्गमीटर, 274 वर्गमीटर एवं 313 वर्गमीटर बहुखण्डीय भवनों से आच्छादित भूमि को फ्री–होल्ड कराने हेतु आवेदन–पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदकों के पक्ष में ऐसा कोई अधिकार–पत्र या विक्रय पत्र नहीं है जिसके आधार पर इनके पक्ष में फ्री–होल्ड किया जा सके।

उपर्युक्तानुसार।

उपर्युक्तानुसार।

जनपद इलाहाबाद के तहसील करछना के अन्तर्गत ग्राम भड़ेवरा में कतिपय चकमार्गों से अतिक्रमण हटाये जाने की जानकारी

36–श्री पूरन प्रकाश–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद इलाहाबाद के तहसील करछना के अन्तर्गत ग्राम भड़ेवरा में चकमार्ग सं0–168, 169, 265 व 266 पर दबंगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है ? यदि हां, तो क्या यह भी सही है कि उक्त चकमार्ग से अतिक्रमण हटाने के लिये उप जिलाधिकारी करछना के पत्रांक सं0–320/एस0टी0–12, दि0 08–06–2012 द्वारा दबंगों के विरुद्ध लो0सं0क्ष0नि0अधि0 की धारा–3/5 के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश दिये गये थे ? यदि हां, तो क्या उक्त धारा के तहत कार्यवाही करते हुए चकमार्ग सं0–168, 169, 265 व 266 को अतिक्रमण से मुक्त करा दिया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

ग्राम भड़ेवरा, तहसील करछना, जिला इलाहाबाद के आराजी संख्या 168 राम कैलाश आदि पुत्रगण राम जियावन व आराजी संख्या 169 अमरनाथ आदि पुत्रगण बैजनाथ निवासीगण भड़वेरा के नाम संक्रमणीय भूमिधर की भूमि है एवं आराजी संख्या 265 व 266 चकमार्ग के नाम अंकित है, जिसके सम्बन्ध में स्थलीय जांच की गयी जो अतिक्रमण मुक्त है।

चकमार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु उप जिलाधिकारी करछना के पत्र संख्या–320/एस0टी0–12, दिनांक 08–06–2012 द्वारा दबंगों के विरुद्ध लो0सं0क्षनि0अधि0 की धारा 3/5 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिये गये थे। चकमार्ग से दबंगों द्वारा कब्जा हटा लेने के कारण कार्यवाही नहीं की गयी।

उपरोक्तानुसार।

प्रश्न नहीं उठता है।

जनपद इलाहाबाद में नजूल भूमि की पट्टावधि समाप्त भूमि को गैर पट्टेदारों के पक्ष तथ्यों को छिपाते हुये फ्री–होल्ड किये जाने का प्रकरण

37–श्री अनुग्रह नारायण सिंह–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 22 सितम्बर, 2016 जो कि जनपद इलाहाबाद में नजूल भूमि संख्या–टी0टी0–2 सिविल स्टेशन की पट्टावधि समाप्त भूमि को दिनांक 22–02–2008 को गैर पट्टेदारों के पक्ष में तथ्यों को छिपाते हुए फ्री–होल्ड किये जाने विषयक हैं, उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उस पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

जी हां।

मा0 सदस्य विधान सभा के पत्र दिनांक 22–9–2016 पर अपर जिलाधिकारी नजूल के पत्र संख्या–437 दिनांक 13–12–2016 के माध्यम से नगर निगम, इलाहाबाद से स्थलीय एवं अभिलेखीय जांच कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

प्रश्न नहीं उठता।

मा0 विधायकों को 10–10 लोहिया आवास की तरह शहरी क्षेत्र के मा0 विधायकों को मा0 कांशीराम आवास योजना का अधिकार दिये जाने की जानकारी

38–श्री अनुग्रह नारायण सिंह–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता का प्रमुख सचिव आवास विभाग, उ0 प्र0 शासन को सम्बोधित–पत्र दिनांकित 26–10–2016 जो कि मा0 मुख्य मंत्री द्वारा बजट सत्र 2016–17 में ग्रामीण क्षेत्र के मा0 विधायकों को 10–10 लोहिया आवास नामित करने के अधिकार सम्बन्धी शहरी क्षेत्र के मा0 विधायकों को भी मान्यवर कांशीराम आवास योजना में यही अधिकार देने हेतु है, प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उस पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

जी हां।

ग्रामीण क्षेत्रों के लिये प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास, उ0प्र0 शासन लखनऊ के पत्र सं0–34/2016/1130/38–4–16–05(बजट)/2012 दिनांक 02 सितम्बर, 2016 के क्रम में मा0 विधायकों को 10–10 लोहिया आवास आवंटित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं तत्क्रम में आवास आवंटन करने की कार्यवाही की गयी/की जा रही है।

जहाँ तक शहरी क्षेत्र में मान्यवर कांशीराम योजना में मा0 विधायकों को कांशीराम योजनान्तर्गत अधिकार दिये जाने का प्रश्न है, इस प्रकार का कोई प्रकरण विचाराधीन नहीं है। प्रश्न नहीं उठता।

इलाहाबाद में नजूल भूमि को पट्टावधि समाप्त होने के बाद गैर पट्टेदारों को विधि विरुद्ध ढंग से फ्री–होल्ड करने की जांच की जानकारी

39–श्री अनुग्रह नारायण सिंह–

क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांकित 22 सितम्बर, 2016, सम्बोधित मा0 मुख्य मंत्री, उ0 प्र0 शासन जो कि इलाहाबाद में टी0टी0–2 सिविल स्टेशन (नजूल) की भूमि को पट्टावधि समाप्त होने के बाद गैर पट्टेदारों को विधि विरुद्ध ढंग से फ्री–होल्ड करने की गम्भीरता पूर्वक जांच कराने सम्बन्धी है, प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उस पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री अखिलेश यादव–

जी हां।

मा0 सदस्य विधान सभा के पत्र दिनांक 22–9–2016 पर अपर जिलाधिकारी नजूल के पत्र संख्या–437 दिनांक 13–12–2016 के माध्यम से नगर, निगम, इलाहाबाद से स्थलीय एवं अभिलेखीय जांच कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

प्रश्न नहीं उठता।

12 बजकर 20 मिनट पर सदन की कार्यवाही श्री अध्यक्ष की अध्यक्षता में पुनः प्रारम्भ हुयी

ख12ण्20, संसदीय कार्य मंत्री श्री मोहम्मद आजम खाँ के इस्तीफे की मांग (क्रमागत)

(भारतीय जनता पार्टी एवं बहुजन समाज पार्टी के अनेक सदस्य माननीय अध्यक्ष के आगमन के पूर्व ही वेल में आ गये)

(वेल से)

(भारतीय जनता पार्टी के सदस्य आजम खाँ को बर्खास्त करने सम्बन्धी नारे लगाते रहे)

(बहुजन समाज पार्टी के सदस्य भी सरकार को बर्खास्त करने सम्बन्धी नारे लगाते रहे)

श्री अध्यक्ष–

सदस्यगण आपने प्रदर्शन बहुत कर लिया अब जाकर अपने क्षेत्र में प्रदर्शन करिए। कृपया अपनी–अपनी सीटों पर चलिए।

वित्तीय वर्ष 2016–2017 के द्वितीय अनुपूरक अनुदानों की मांगों के विवरण का प्रस्तुतीकरण

श्री अध्यक्ष–

मुख्य मंत्री जी बजट प्रस्तुत करें।

मुख्य मंत्री (श्री अखिलेश यादव)–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से वित्तीय वर्ष 2016–2017 के द्वितीय अनुपूरक अनुदानों की मांगों का विवरण प्रस्तुत करता हूँ।

(प्रतियां वितरित की गई)

वित्तीय वर्ष 2017–2018 के अन्तरिम आय–व्ययक का प्रस्तुतीकरण

मुख्य मंत्री (श्री अखिलेश यादव)–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से वित्तीय वर्ष 2017–2018 के आय–व्ययक (अन्तरिम) को प्रस्तुत करता हूँ।

श्री अध्यक्ष–

प्रतियां वितरित की जाएं।

(प्रतियां वितरित की गई)

ख्यह अन्तरिम बजट है, जिसमें केवल वचनबद्ध व्यय के अनुमान सम्मिलित किये गये हैं। इस समय पूर्ण बजट इस कारण प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है क्योंकि प्रदेश में निकट भविष्य में विधान सभा चुनाव होंगे तथा नई सरकार का गठन होगा। अतः परम्परानुसार पूर्ण बजट, नई सरकार द्वारा सम्मानित सदन के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

इस अन्तरिम बजट पर आधारित वित्तीय वर्ष के प्रथम पांच माह की अवधि का लेखानुदान भारत के संविधान के अनुच्छेद 206 के अधीन उल्लिखित प्रावधानों का

नोटः– ख, यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

उपयोग करते हुये प्रस्तुत किया जा रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2017–2018 से राज्य सरकार द्वारा बजट में प्लान तथा नान प्लान के वर्गीकरण को समाप्त कर दिया गया है तथा वित्तीय वर्ष 2017–2018 का अन्तरिम बजट तदनुसार तैयार किया गया है। इसके साथ वार्षिक वित्तीय विवरण एवं वित्तीय स्थिति की समीक्षा भी प्रस्तुत है, जिसमें इस सदन के माननीय सदस्यों के उपयोगार्थ आवश्यक सूचना का समावेश किया गया है।

मान्यवर,

यह अनुमान लगाया गया है कि वित्तीय वर्ष 2017–2018 में कुल 3,56,679.10 करोड़ रुपये की प्राप्तियाँ होंगी, जिसमें 3,00,082.91 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्तियाँ, 56,596.19 करोड़ रुपये की पूंजी लेखे की प्राप्तियाँ, जिसमें 56,312.00 करोड़ रुपये की लोक ऋणों से प्राप्तियाँ तथा 284.19 करोड़ रुपये की ऋणों और अग्रिमों की वसूलियों से होने वाली प्राप्तियाँ सम्मिलित हैं। राजस्व प्राप्तियों की 3,00,082.91 करोड़ रुपये की राशि में राज्य के अपने कर राजस्व से 1,08,321.00 करोड़ रुपये, केन्द्रीय करों में राज्यांश से 1,12,914.90 करोड़ रुपये, करेतर राजस्व से 29,418.36 करोड़ रुपये तथा केन्द्रीय योजनाओं के लिये भारत सरकार से सहायता अनुदान के रूप में 49,428.65 करोड़ रुपये के अनुमान सम्मिलित हैं। लोक ऋणों से 56,312.00 करोड़ रुपये की अनुमानित प्राप्तियों के अन्तर्गत भारत सरकार से 1,200.00 करोड़ रुपये तथा अन्य स्रोतों से 55,112.00 करोड़ रुपये ऋण के अनुमान सम्मिलित हैं।

अन्तरिम बजट में कुल 3,63,744.95 करोड़ रुपये का व्यय अनुमानित है जिसमें 2,87,566.23 करोड़ रुपये का व्यय राजस्व लेखे तथा 76,178.72 करोड़ रुपये का व्यय पूंजी लेखे के लिये है। पूंजी लेखे के व्यय 76,178.72 करोड़ रुपये में ऋणों के प्रतिदान के लिये 21,905.03 करोड़ रुपये, ऋणों और अग्रिमों के संवितरण के लिये 1,433.10 करोड़ रुपये एवं पूंजीगत परिव्यय के लिये 52,840.59 करोड़ रुपये की राशियाँ सम्मिलित हैं।

इस प्रकार वर्ष 2017–2018 में राज्य की समेकित निधि में सम्प्रति कुल 7,065.85 करोड़ रुपये के घाटे का अनुमान है। लोक लेखे के अन्तर्गत 7,500.28 करोड़ रुपये की अनुमानित शुद्ध प्राप्तियों को सम्मिलित करने पर समस्त लेन–देनों का शुद्ध परिणाम 434. 43 करोड़ रुपये हो जाने की सम्भावना है।

उपर्युक्त अन्तरिम बजट अनुमानों के आधार पर वित्तीय वर्ष 2017–2018 का प्रारम्भिक शेष 301.66 करोड़ रुपये तथा अन्तिम शेष 736.09 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। वित्तीय वर्ष 2017–2018 के अन्तिम शेष का वास्तविक अनुमान सम्पूर्ण बजट को अन्तिम रूप दिये जाने के उपरान्त निर्धारित हो सकेगा।

चूँकि यह अन्तरिम बजट है, अतः मैं माननीय सदन का अधिक समय नहीं लेना चाहूँगा। मेरा अनुरोध है कि माननीय सदन द्वारा इस अन्तरिम बजट का अनुमोदन प्रदान करते हुये लेखानुदान पारित किया जाय।,

वित्तीय वर्ष 2017–18 के एक भाग के लिये लेखानुदान का प्रस्तुतीकरण

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खाँ)–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से वित्तीय वर्ष 2017–2018 के एक भाग के लिये लेखानुदान प्रस्तुत करता हूँ।

श्री अध्यक्ष–

प्रतियां बंटवा दें।

(प्रतियाँ वितरित की गई)

अभी निधन के निदेश होना है इसलिये आप लोग अपने–अपने आसन पर जाएं।

(वेल में उपस्थित बहुजन समाज पार्टी एवं भारतीय जनता पार्टी के सदस्य अपने–अपने आसन पर चले गये)

संसदीय कार्य मंत्री श्री मोहम्मद आजम खाँ के इस्तीफे की मांग (क्रमागत)

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खाँ)–

अध्यक्ष जी सदस्यगण मेरा इस्तीफा मांग रहे हैं। मेरी तो गलती भी नहीं है मैने तो बस इतना कहा था।

श्री अध्यक्ष–

अब मैं कार्यमंत्रणा समिति की सिफारिशें ले रहा हूँ।

श्री मोहम्मद आजम खाँ–

मान्यवर, पहले मेरी बात हो जाए नहीं तो मद बदल जाएगी। अभी कई साथियों ने कहा कि आजम खाँ इस्तीफा दो कई सदस्यों ने कहा कि आजम खाँ को बर्खास्त करो मैने तो कुछ नहीं कहा वह तो मुरादाबाद में बादशाह की सभा थी।

(इसी मध्य भारतीय जनता पार्टी के अनेक सदस्य वेल में पुनः आ गये और श्री मोहम्मद आजम खाँ को बर्खास्त करने सम्बन्धी के नारे लगाने लगे)

श्री मोहम्मद आजम खाँ–

उन्होंने कहा कि मैं तो फकीर हूँ और झोला लेकर चला जाऊँगा मैंने कहा कि दो साल में 80 करोड़ के कपड़े पहन लिये और झोले की तलाशी करानी पड़ेगी ऐसे कैसे झोला लेकर चले जाएंगे। झोले में ही तो सब कुछ है। पूरे देश को लाइन में लगा दिया।

ख12ण25, कार्य–मंत्रणा समिति द्वारा सदन के कार्यक्रम निर्धारण की सिफारिशें विषयक प्रस्ताव

श्री अध्यक्ष–

अब मैं कार्य–मंत्रणा समिति की सिफारिशें ले रहा हूँ।

(वेल में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के सदस्य वापस अपने–अपने आसन पर चले गये)

उत्तर प्रदेश विधान सभा की कार्य–मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 20 दिसम्बर, 2016 की बैठक में विधान सभा के दिनांक 21 दिसम्बर, 2016 से दिनांक 22 दिसम्बर, 2016 तक के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिशें की हैं :–

1–दिनांक 21 दिसम्बर, 2016 को निधन के निर्देश अर्थात निधन की सूचना ली जायं।

2–दिनांक 21 दिसम्बर, 2016 को नियम–300, 301, 311, 56 व 51 के अन्तर्गत सूचनायें न ली जायं।

3–दिनांक 22 दिसम्बर, 2016 को औपचारिक कार्य, यथा अध्यादेशों, अधिसूचनाओं, नियमों आदि का सदन के पटल पर रखा जाना, विधेयकों का पुरःस्थापन आदि, यदि कोई हो, ली जायं।

तद्नुसार दिनांक 21 दिसम्बर, 2016 से दिनांक 22 दिसम्बर, 2016 तक के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नवत् रखा जाय :–

दिसम्बर, 2016

21 बुधवार

1–12.20 बजे अपराह्न

(1) वित्तीय वर्ष 2016–2017 के द्वितीय अनुपूरक अनुदानों की मांगों का प्रस्तुतिकरण।

(2) वित्तीय वर्ष 2017–2018 के आय–व्ययक (अन्तरिम) का प्रस्तुतिकरण।

(3) वित्तीय वर्ष 2017–2018 के एक भाग के लिये लेखानुदान का प्रस्तुतिकरण।

2–निधन का निर्देष अर्थात् निधन की सूचनाएं।

22 गुरुवार

1–औपचारिक कार्य, यथा अध्यादेशों, अधिसूचनाओं, नियमों आदि का सदन के पटल पर रखा जाना, विधेयकों का पुरःस्थापन आदि, यदि कोई हो।

2–वित्तीय वर्ष 2016–2017 के द्वितीय अनुपूरक अनुदानों पर चर्चा, मांगों पर विचार एवं मतदान तथा तत्सम्बन्धी विनियोग विधेयक का सदन की अनुज्ञा से पुरःस्थापन, उस पर विचार एवं उसका पारण।

दिसम्बर, 2016

3–वित्तीय वर्ष 2017–2018 के एक भाग के लिये लेखानुदान सम्बन्धी प्रस्ताव का प्रस्तुतिकरण, उस पर विचार, मांगों पर मतदान तथा तत्सम्बन्धी विनियोग विधेयक का सदन की अनुज्ञा से पुरःस्थापन, उस पर विचार एवं उसका पारण।

4–विधायी कार्य।

5–अन्य कार्य, यदि कोई हों।

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खाँ)–

मान्यवर, आपकी अनुज्ञा से मैं प्रस्ताव करता हूँ कि यह सदन कार्य–मंत्रणा समिति की सिफारिश से, जिसकी सूचना आज श्री अध्यक्ष द्वारा सदन में दी गयी है, सहमत है।

श्री अध्यक्ष–

प्रश्न यह है कि कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिश विषयक प्रस्ताव, जो मा0 संसदीय कार्य मंत्री द्वारा प्रस्तुत किया गया है, से यह सदन सहमत है ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।)

ख12.26, उत्तर प्रदेश के भूतपूर्व मुख्य मंत्री श्री राम नरेश यादव के निधन पर शोकोद्गार

मुख्य मंत्री (श्री अखिलेश यादव)–

आदरणीय अध्यक्ष महोदय, बड़े दुःख के साथ हम सबको और जितने मा0 सदस्य है सबको जानकारी होगी कि पूर्व मुख्य मंत्री रामनरेश यादव काफी समय बीमार रहे, वह हमारे बीच में नहीं रहे। रामनरेश यादव जी, जो मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश रहे उनका जन्म आजमगढ़ में 01 जुलाई, 1928 को हुआ था। शिक्षा के बाद वह लगातार आंदोलनों में शामिल रहे, सामाजिक सेवा में रहे। पूर्व मुख्य मंत्री, रामनरेश यादव जी को कई बार आंदोलनों में जेल भी जाना पड़ा। मुख्य मंत्री रहते–रहते उन्होंने जनता के हित में कई महत्वपूर्ण फैसले भी लिये। राजनैतिक जीवन में वह कई पदों पर रहकर के जनता के लिये काम करते रहे, जनता की सेवा करते रहे, यही कारण रहा कि वह लोकप्रिय हुये और न केवल आजमगढ़ से चुनाव जीते बल्कि वह एटा की विधान सभा से भी जीत कर सदस्य रहे। मुख्य मंत्री के रूप में वह सदन में रहे। बाद में उनके राजनैतिक कद को देखते हुये उन्हें और भी कई पदों पर सेवा करने का मौका मिला। वह बगल के ही प्रदेश के गवर्नर भी रहे। बाद में काफी लम्बे समय तक बीमार रहने के कारण वह हमारे बीच से चले गये। हमें इस बात का दुःख है कि उस कद के नेता और उस समय के नेता अब कम हैं, जिनकी पहचान टोपी पहनने, गले में गमछा डालने से लेकर के धोती पहन कर के निकलना थी। मैं समझता हूं कि उस पीढ़ी के नेता अब कम बचे हैं। उस पीढ़ी के नेताओं ने कितनी सेवा की होगी, कितना कुछ कर–करके उस ऊंचाई तक पहुंचे होंगे। आज अगर हमें समाज में कोई जानकारी देनी हो तो बहुत कम समय में हम जानकारी पहुंचा सकते हैं। अगर अपने नाम का परिचय देना हो तो आज आसान है, लेकिन सोचिये उस जमाने में जहां अखबार कम थे, सूचना क्रान्ति इतनी नहीं थी, वह लोकप्रिय हुये और हर समाज के लोगों को जोड़कर के आगे चले। उनका व्यवहार, उनकी भाषा, उनका पहनावा सीधे–सीधे गरीबों से जुड़ा रहा। ऐसे नेता, मैं समझता हूं आज कम हैं और ऐसा नेता तभी ऊंचाई पर पहुंचता है जब वह जनता के बीच में रहता हो। एक आजमगढ़ जिला जिसमें राजनैतिक रूप से बहुत से नेताओं की बड़ी–बड़ी हैसियत रही है, उनके बीच में रहकर के राजनीति करना और अव्वल नेता बनना कहीं न कहीं उनके परिश्रम, उनकी मेहनत, उनकी ईमानदारी ने ही उनको ऊंचाई तक पहुंचाया है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े प्रदेश के मुख्य मंत्री रहना, मध्य प्रदेश के गवर्नर बन जाना कहीं न कहीं उनकी अपनी सुझबूझ और काबिलियत का भी परिचय देते हैं। आज इस मौके पर जब वह हमारे बीच नहीं हैं, हम ही नहीं बल्कि उनको मानने वाले तमाम ऐसे लोग, उनके सम्पर्क के लोग दुःखी हैं। हम अपनी तरफ से, अपने दल की तरफ से और सभी माननीय सदस्यों की तरफ से उनको श्रद्धांजलि देते है, याद करते हैं और उनकी क्षति से जो नुकसान हुआ है, खासकर उनके परिवार के लोगों को, उसकी भरपाई के लिए भगवान से प्रार्थना करते हैं कि यह जो दुःख उनके बीच आया है, उनके सहयोगियों और परिवार के बीच, इस दुःख को सहने की शक्ति दें। ऐसे नेता ने न

केवल हम लोगों को बल्कि बड़ी संख्या में जो गरीब हैं, उनको प्रेरणा देने का काम किया, मैं उनको अपने दल की तरफ से श्रद्धांजलि देता हूं।

नेता विरोधी दल (श्री गया चरण दिनकर)–

माननीय अध्यक्ष जी, माननीय नेता सदन, माननीय नेता कांग्रेस, माननीय नेता भारतीय जनता पार्टी, माननीय नेता लोक दल, आज बेहद दुःख के साथ कहना पड़ रहा है कि सामाजिक क्षेत्र में अथक मेहनत करने वाले एक पुरोधा जिन्हें हम माननीय राम नरेश यादव जी के नाम से जानते हैं और उन्होंने जिन्दगी के हर उतार–चढ़ाव में नेतृत्व करने, परिश्रम करने और लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना में अपना योगदान दिया है, वे आज हमारे बीच में नहीं हैं। यह जानकार बेहद दुःख हुआ कि 22 नवम्बर, 2016 को श्री राम नरेश यादव हमारे बीच में नहीं रहे, उन्होंने अपने जीवन में कई जनपदों से, 1977 में एटा जनपद के निधौली विधान सभा क्षेत्र से जनता पार्टी के टिकट पर वह जीत करके आए। इसके बाद 1985 में वह मैनपुरी जिले की शिकोहाबाद सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत करके सदन में आए। 1996 और 2002 में वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के निर्वाचित सदस्य के रूप में रहे और देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश के वे 23 जून, 1977 से लेकर 27 फरवरी, 1989 तक मुख्य मंत्री रहे। 1928 में आजमगढ़ जिले में उनका जन्म हुआ था और जिन्दगी का हर क्षण उन्होंने जनता के हित में जीने का काम किया। उनकी सादगी, उनके व्यवहार और जनता के बीच में उन्होंने जो सेवाएं की हैं, उसे हमेशा–हमेशा याद रखा जायेगा। आज इस दुःखद घड़ी में मैं इतना कहना चाहता हूं कि माननीय श्री राम नरेश यादव जी के चले जाने के बाद उत्तर प्रदेश को एक बहुत बड़ी राजनैतिक क्षति हुई है, जिसकी भरपाई करना बड़ा मुश्किल है। उनके शोक–संतप्त परिवार को, जो अगले क्षण हैं, उनको जीने का साहस मिले और इस दुःख की घड़ी में मैं अपनी तरफ से, सम्पूर्ण विपक्ष की ओर से और माननीय सदन के प्रत्येक सदस्य की तरफ से शोक–संवेदना व्यक्त करता हूं और आग्रह करता हूं कि उनके शोक–संतप्त परिवार तक हमारी शोक–संवेदना को पहुंचा दिया जाए, धन्यवाद।

'श्री सुरेश कुमार खन्ना–

माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे श्री राम नरेश यादव जी के निधन पर शोक प्रस्ताव रखने का अवसर दिया, मैं आपका अभारी हूं। जो विचार माननीय मुख्य मंत्री जी ने और माननीय नेता विरोधी दल ने व्यक्त किए हैं, मैं उनसे अपने आप को सम्बद्ध करता हूं। मान्यवर, श्री राम नरेश यादव जी सबसे पहले जनता पार्टी के टिकट पर वर्ष 1977 में आजमगढ़ से लोक सभा के सदस्य हुए थे। वहीं से उनके राजनीतिक कैरियर की शुरूआत हुई थी। यह सही है कि उसके पहले वह समाजवादी आन्दोलन में बहुत ज्यादा सक्रिय भाग लेते थे। आजमगढ़ में वह वकालत करते थे और पहली बार जनता पार्टी के टिकट पर वर्ष 1977 में लोक सभा में पहुंचे थे और लोक सभा के सदस्य रहते हुये उनको जनता पार्टी की सरकार में उत्तर प्रदेश का मुख्य मंत्री बनाया गया था। मान्यवर, श्री राम नरेश यादव जी अत्यन्त सरल, अत्यन्त सहज और अत्यन्त व्यवहार कुशल थे। वह सम्बन्धों को बहुत अधिक सीमा तक निभाना भी जानते थे और

' वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

उनका सम्पूर्ण जीवन सादगी और सरलता की मिसाल था। व्यक्तिगत रूप से भी उनसे मेरा बहुत अच्छा परिचय था और मुख्य मंत्री के रूप में और उसके बाद भी मेरी उनसे कई मुलाकातें होती रहती थी। मान्यवर, राजनीति में बहुत से लोग ऐसे आते हैं जो अपने जीवन में तो अच्छा करते ही करते हैं, लेकिन आने वाली पीढ़ी को भी एक संदेश देकर जाते है। आदरणीय राम नरेश यादव जी उसी श्रृंखला में आते हैं। जिस समय पहली बार वह मुख्य मंत्री बने उस समय पूरे देश में लोगों में एक संदेश गया था कि उत्तर प्रदेश में बहुत ही ईमानदार मुख्य मंत्री हुये हैं। मैं समझता हूं कि इस ईमानदारी की परम्परा को उन्होंने जीवनपर्यन्त निभाया है। मान्यवर, अंहकार नाम की चीज उनके जीवन में नहीं थी। पहले इसी प्रदेश के वह मुख्य मंत्री रहे और बाद में आदरणीय श्री बनारसी दास जी के मुख्य मंत्री पद की शपथ लेने के बाद उनके साथ वह उत्तर प्रदेश के उप मुख्य मंत्री भी बने। ऐसी मिसालें कम देखने को मिलती हैं कि यदि हमें जनता की सेवा करनी है तो चाहे किसी प्लेटफार्म से, किसी भी रूप में, किसी भी तरह से की जाये, वह सेवा की जाये। आज मैं उनको श्रृद्धा सुमन अर्पित करता हूं और मेरी आपसे प्रार्थना है कि मेरे और मेरे दल की शोक संवेदनायें उनके परिवार तक पहुंचायें। बहुत–बहुत धन्यवाद।

'**श्री प्रदीप माथुर–**

माननीय अध्यक्ष जी, आपने गांधीवादी नेता उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य मंत्री और मध्य प्रदेश के पूर्व राज्यपाल रहे श्री राम नरेश यादव जी के निधन पर अपना शोक प्रस्ताव रखने का मुझे मौका दिया, उसके लिये मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। माननीय अध्यक्ष जी, माननीय नेता सदन, माननीय नेता विरोधी दल, माननीय नेता, भाजपा के जो संदेश है उनसे मैं अपने आपको सम्बद्ध करता हूं। माननीय रामनरेश यादव जी सादगी की प्रतिमूर्ति थे और गांधीवादी रास्ते पर चलने वाले व्यक्तित्व के मालिक थे। हमें उनके साथ काम करने का बहुत मौका मिला। हमारी पार्टी में वह दिनांक 12 अप्रैल, 1989 को शामिल हुये थे। श्री यादव जी का जन्म बहुत ही साधारण परिवार में आजमगढ़ में दिनांक 01 जुलाई, 1928 को हुआ था। उनके पिता प्राइमरी पाठशाला में अध्यापक थे। यादव जी को देशभक्ति, ईमानदारी और सादगी अपने पिताश्री से विरासत में मिली थी और उन्हें बाबू जी की उपाधि भी मिली थी। उन्होंने 1953 में वकालत प्रारम्भ की थी और वह छात्र जीवन में ही समाजवादी आन्दोलन से जुड़ गये थे। आपातकाल के दौरान वह मीसा डी0आई0आर0 में बंद रहे। जून, 1975 से फरवरी, 1977 तक वह आजमगढ़ जेल और केन्द्रीय कारागार, नैनी में निरुद्ध रहे। दिनांक 23 जून, 1977 को वह उत्तर प्रदेश राज्य के मुख्य मंत्री बने और 15 फरवरी, 1979 तक वह मुख्य मंत्री रहे। वर्ष 1988 में वह राज्य सभा पहुंचे तथा केन्द्र में वह विभिन्न पदों पर रहे। माननीय अध्यक्ष जी, उन्होंने कई बार उत्तर प्रदेश विधान सभा का प्रतिनिधित्व भी किया। विशाल राजनीतिक अनुभव के कारण 08 सितम्बर, 2011 को मध्य प्रदेश के राज्यपाल के रूप में उन्होंने शपथ ली। 22 नवम्बर, 2016 को मंगलवार को श्री राम नरेश यादव जी का लम्बी बीमारी के बाद पी0जी0आई0 लखनऊ में निधन हो गया। माननीय अध्यक्ष जी, इस तरह के लोग बहुत कम पैदा होते हैं, सादगी की प्रतिमूर्ति, ईमानदारी की

' वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

प्रतिमूर्ति और एक मार्गदर्शक के रूप में लोगों का मार्गदर्शन करने वाले वह हमारे बुजुर्ग आज हमारे बीच में नहीं हैं और उस रिक्तता की आसानी से भरपाई नहीं हो पायेगी। मैं और मेरा दल अपनी शोक संवेदना प्रकट करता है और आपसे अनुरोध है कि हमारी इस दुःख की घड़ी में उनके परिवार को ईश्वर, इस हुये नुकसान को सहने की शक्ति दे और हमारी व हमारी पार्टी की संवेदना उनके परिवार तक पहुंचाने का कष्ट करें।

'श्री दलवीर सिंह–

माननीय अध्यक्ष जी, मुझे माननीय श्री राम नरेश यादव जी की शोक–संवेदना के लिये बोलने का मौका दिया, मैं माननीय नेता सदन, मा0 नेता प्रतिपक्ष, मा0 नेता बीजेपी, मा0 नेता कांग्रेस के विचारों से अपने आपको सम्बद्ध करते हुये कुछ बातें कहना चाहता हूं। 1977 मे जब जनता पार्टी की बहुत बड़ी आंधी थी, इधर पक्ष में बैठे बहुत बड़ी तादात में मा0 विधायक जीत कर आये, पूरे देश में जनता पार्टी की लहर थी, चौधरी साहब उस वक्त राष्ट्रीय लेबिल पर नेता के रूप में थे, चौधरी साहब से पूछा गया कि उत्तर प्रदेश में किसको मुख्य मंत्री बनाया जाय, तो चौधरी साहब की कसौटी पर खरा उतरना, उस समय बहुत बड़ी बात थी, चौधरी जी ने उन्हें बहुत करीब से देखा, समझा, परखा, इनकी योग्यता और ईमानदारी की वजह से उन्होंने प्रस्ताव रखा कि उत्तर प्रदेश में एक ईमानदार, योग्य, अच्छा, कर्मठ व्यक्ति चाहिये और वह राम नरेश यादव जी है, चौधरी साहब ने कर्पूरी ठाकुर का भी नाम रखा। तो मैं आज ऐसे समय पर इतना ही कह सकता हूं कि मैं व्यक्तिगतरूप से उनके पास कई बार गया–आया और मैने देखा, उनका सादगी भरा जीवन, वही पुरानी लकड़ी की कुर्सियां, बहुत साधारण सा बेड जो मुख्य मंत्री आवास मिला था, उसी में उनका निवास था, बहुत साधारण तरह से उनका रहन–सहन था। हमारे साथ विधायक के रूप में भी कांग्रेस से विधायक बन कर आये, वह नेता विधान मण्डल दल नहीं थे, टोपी लगाकर अकेले ही यहां बैठते थे और कभी–कभी बोलते थे, लेकिन बहुत महत्वपूर्ण सुझाव रखते थे। मैंने स्वयं देखा है अपनी आंखों से जब वह टोपी लगाकर खड़े होते थे, तो जितने भी हमारे अग्रिम पंक्ति के लोग, इधर की पंक्ति के लोग थे, सब शान्त हो जाते थे और उनके विचार सुनते थे कि राम नरेश यादव जी कोई बात कहेंगे और आज उनकी क्षति पूरे प्रदेश और देश के लिये बहुत बड़ा दुःख का विषय हो गया है। मैं इतना ही कहूंगा, व्यक्तिगत रूप से मैं उनसे स्वयं बहुत प्रभावित था, मैं स्वयं उनके घर कई बार गया, उनका लिबास, आचरण, रहन–सहन देख कर हमें भी ऐसा लगता था कि हम इनसे सबक लें। मैं अपनी तरफ से, अपने दल की तरफ से आपके माध्यम से शोक सम्वेदना भेजता हूं, आप मेरी तरफ से उनके परिवार को शोक सम्वेदना भेजें, बहुत–बहुत धन्यवाद्।

श्री अध्यक्ष–

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य मंत्री श्री राम नरेश यादव का 22 नवम्बर, 2016 को निधन हो गया। वे लगभग 88 वर्ष के थे। श्री राम नरेश यादव का जन्म 01 जुलाई, 1928 को ग्राम आंधीपुर, जिला आजमगढ़ में हुआ था। उन्होंने एम0ए0 एवं एल0एल0बी0

' वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री राम नरेश यादव वर्ष 1977 में निर्वाचन क्षेत्र निधौली कलां, जिला एटा से जनता पार्टी के टिकट पर, वर्ष 1985 में निर्वाचन क्षेत्र शिकोहाबाद जिला मैनपुरी से निर्दलीय सदस्य के रूप में तथा वर्ष 1996 व वर्ष 2002 में निर्वाचन क्षेत्र फूलपुर, जिला आजमगढ़ से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुये थे। वे लोक सभा तथा राज्य सभा के सदस्य भी रहे थे। श्री राम नरेश यादव जी ने दस गुना लगान, जमीन बांटो–भूमि हड़पो, गन्ना गोदाम घेरो, अंग्रेजी हटाओं जैसे अनेक आन्दोलनों में सक्रिय रूप से भाग लिया था, जिसके फलस्वरूप वे आजमगढ़ जेल, नैनी जेल, इलाहाबाद तथा सेन्ट्रल जेल, वाराणसी में बन्दी रहे थे। वे 23 जून, 1977 से 27 फरवरी, 1979 तक उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री रहे थे। वे श्री बनारसीदास मंत्रिमण्डल में उप मुख्य मंत्री भी रहे थे। श्री यादव वर्ष 2011 को मध्य प्रदेश के राज्यपाल बने थे। वे गांधी गुरूकुल हायर सेकेण्ड्री स्कूल, आजमगढ़ के प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष तथा कई शिक्षा संस्थाओं के प्रबन्धक अथवा अध्यक्ष के रूप में सम्बद्ध रहे थे। सामाजिक न्याय के कार्यों में उनकी विशेष रूचि थी तथा अध्ययन एवं जनसम्पर्क उन्हें प्रिय था। श्री रामनरेश यादव जी के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है। श्री राम नरेश यादव जी के निधन से आज पूरा सदन शोकाकुल हैं, मैं अपनी ओर से एवं पूरे सदन की ओर से ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान करें तथा उनके शोक संतृप्त परिवार को इस गहन दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। मैं इस सदन में व्यक्त शोक संवेदनायें मृतक के शोकाकुल परिवार तक पहुंचा दूंगा। अब हम दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिये 2 मिनट का मौन रखेंगे।

(सभी सदस्य अपने–अपने स्थान पर दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिये दो मिनट मौन खड़े हुये।)

अब हम उठते हैं, कल सुबह 11.00 बजे फिर बैठेंगे।

(इसके बाद सदन का उपवेशन 12 बजकर 47 मिनट पर अगले दिन के 11 बजे तक के लिये स्थगित हो गया।)

लखनऊ :

दिनांक : 21 दिसम्बर, 2016

प्रदीप कुमार दुबे,
प्रमुख सचिव, विधान सभा,
उत्तर प्रदेश।

ृग मक5ब
पी0एस0यू0पी0–एल0 261 विधान सभा (422)–21–12–2016–813 प्रतियां (कम्प्यूटर)।